सं.एफ.1/172(46)/2022-भ.II

संघ लोक सेवा आयोग

भर्ती-II अनुभाग

**संशोधित अंतिम संवीक्षा**

| पुन: जांच अंतिम संवीक्षा / शॉर्टलिस्टिंग विवरण | |
|---|---|
| पद का नाम | केन्द्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, न्यायालयिक विज्ञान सेवा निदेशालय, गृह मंत्रालय में वैज्ञानिक 'बी' (विष विज्ञान) का 01 (एक) (अनारक्षित) पद। |
| विज्ञापन सं. | 01/2023 |
| रिक्ति सं. | 23010109214 |

| | |
|---|---|
| अनिवार्य योग्यताएं और अनुभव | **अनिवार्य योग्यताएं (अ.यो.):**<br>**(क) शैक्षिक:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से विज्ञान स्नातक के तीनों वर्षों के दौरान रसायन विज्ञान एक विषय के रूप में रहा हो तथा इसके साथ रसायन विज्ञान या जैव-रसायन या औषध विज्ञान या फार्मेसी या न्यायालयिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री।<br>**(ख) अनुभव:** किसी सरकारी मान्यताप्राप्त संगठन या संस्थान से विष विज्ञान के क्षेत्र में विश्लेषणात्मक पद्धतियों और अनुसंधान के क्षेत्र में तीन वर्षों का कार्यानुभव।<br>**वांछनीय योग्यता:** न्यूनतम निर्धारित शैक्षिक योग्यता प्राप्त करने के पश्चात केंद्र या राज्य सरकार या संघ शासित क्षेत्र प्रशासन के तहत न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला में कार्य करने का एक वर्ष का अनुभव। |

| | |
|---|---|
| अपनाए गए मानदंड | (i) संवीक्षा ऑन-लाइन की गई है पहले, उम्मीदवारों द्वारा अपने ऑन-लाइन आवेदन में प्रदान की गई सूचना तथा किए गए दावों के आधार पर कंप्यूटर प्रणाली द्वारा सृजित की गई रिपोर्ट के आधार पर, और उसके बाद आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए गए दस्तावेजों की संवीक्षा के आधार पर, जो केवल ऐसे उम्मीदवारों के मामले में की गई, जिन्हें ऑन-लाइन आवेदनों में उनके द्वारा प्रदान की गई सूचना तथा किए गए दावों के आधार पर प्रथम दृष्टया पात्र पाया गया।<br>(ii) आवेदनों की संवीक्षा प्रश्नगत पद के लिए भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार की गई है।<br>(iii) उम्मीदवार द्वारा दावा किए गए कुल अनुभव पर विचार किया गया है, यदि अपेक्षित प्रमाणपत्रों द्वारा समर्थित है।<br>(iv) विज्ञापन में विनिर्दिष्ट संगत क्षेत्र में धारित अनुभव पर विचार किया गया है। |

(v) यदि अनुभव पद के भर्ती नियमों और विज्ञापन में विनिर्दिष्ट संगत क्षेत्र में नहीं है या परिकलित संगत अनुभव भर्ती नियमों में विनिर्दिष्ट अनिवार्य अवधि से कम है, ऐसे उम्मीदवारों को "एलईक्यू-ख" के तहत अस्वीकृत कर दिया गया है। ऐसे आवेदक जो संगत अनुभव का दावा करते हैं लेकिन इसके समर्थन में लगाया गया अनुभव प्रमाण-पत्र दावे का समर्थन नहीं करता है, उन्हें 'एलईक्यू-ख' के रूप में अस्वीकृत किया गया है।

(vi) ऐसे उम्मीदवार जिनके पास संगत अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता नहीं हैं उन्हें 'एलईक्यू-क' के रूप में अस्वीकृत कर दिया गया है।

(vii) ऐसे उम्मीदवारों के आवेदन जिन्होंने अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड / प्रस्तुत नहीं किया है, को **"अपूर्ण"** के रूप में अस्वीकार कर दिया गया है। कार्य की प्रकृति स्पष्ट रूप में नहीं दर्शाने वाले अनुभव प्रमाण-पत्रों पर विचार नहीं किया गया है और **'अपूर्ण'** के रूप में अस्वीकार कर दिया गया। इसी तरह, आवेदक, जो संगत अनुभव का दावा करते हैं लेकिन इसके समर्थन में लगाया गया अनुभव प्रमाण-पत्र दावा की गई संपूर्ण अवधि का नहीं है या दावे का समर्थन नहीं करता है, उन्हें **"अपूर्ण"** के रूप में अस्वीकार कर दिया गया।

(viii) ऐसे उम्मीदवारों के आवेदन जिन्होंने अनिवार्य योग्यताओं के संबंध में अपनी पात्रता को न्यायोचित ठहराने के लिए न तो अंक तालिका ना ही डिग्री प्रस्तुत की है उन्हें 'अपूर्ण' श्रेणी के तहत अस्वीकार कर दिया गया।

(ix) अध्यापन अनुभव को संगत नहीं माना गया है।

(x) नियुक्ति पत्रों, कार्यालय आदेशों, पंजीकरण / नामांकन प्रमाण-पत्र, त्याग पत्र, कार्यमुक्ति आदेशों, वेतन प्रमाण-पत्र और स्व-रोजगार प्रमाण-पत्र को अनुभव के साक्ष्य के रूप में नहीं माना गया है। 'इंटर्न' के रूप में अनुभव को भी संगत अनुभव के रूप में नहीं माना गया है। बैंक / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्य के अनुभव पर विचार नहीं किया गया है।

(xi) अनुभव प्रमाण-पत्र दिनांक 23.12.2010 के आयोग के परिपत्र सं.एफ.8/84/2010-भ.(स.एवं नी.) के संबंध में निर्धारित प्रपत्र में होना चाहिए। हालांकि, जहां कहीं आवेदकों ने निर्धारित प्रपत्र में अनुभव प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया है, उनके अनुभव प्रमाण-पत्र पर मेरिट के आधार पर विचार किया गया है।

(xii) कुछ उम्मीदवारों को एकाधिक श्रेणी के तहत अस्वीकृत किया जा सकता है। उन्हें सबसे उपयुक्त श्रेणी के तहत अस्वीकृत किया गया है।

(i) इस भर्ती मामलें की संवीक्षा तथा शॉर्टलिस्टिंग का विवरण पहले दिनांक 04.01.2024 को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया था।

(ii) जिन उम्मीदवारों को उनके अनुक्रमाक के सामने दर्शाए गए आवश्यक दस्तावेज जमा करने की शर्त पर अंनतिम रूप से शॉर्टलिरूट किया गया था, उनसे 14.01.2024 तक अपने दस्तावेज़ ई-मेल के माध्यम से भेजने का अनुरोध किया गया था, साथ ही, उम्मीदवारों को दिनांक 14.01.2024 तक ई-मेल के माध्यम से अपने मुद्दे, यदि कोई हो, व्यक्त करने का मौका दिया गया था। यह भी उल्लेख किया गया था कि सभी ई-मेल की जांच की जाएगी परन्तु जैसा कि पहले ही स्पष्ट कर दिया गया था, उनमें से किसी भी मेल का कोई व्यक्तिगत जवाब नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा, यह आश्वस्त किया गया था कि संशोधित संवीक्षा तथा शॉर्टलिस्टिंग का विवरण यथा समय अपलोड कर दिया जाएगा।

(iii) अपलोड की गई संवीक्षा के जबाब में, 07 उम्मीदवारों को अपेक्षित दस्तावेज जमा करने के शर्त पर अनंतिम रूप से शॉर्टलिस्ट किया गया था, उम्मीदवारों से प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर, 06 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है और एक उम्मीदवार को 'एलईक्यू-क' (आवश्यक शैक्षिक योग्यता की कमी) श्रेणी में अस्वीकृत कर दिया गया है।

(iv) इसके अलावा, 02 अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और आयोग द्वारा अपनाए गए एवं अनुमोदित शॉर्टलिस्टिंग मानदंड और तौर-तरीकों को देखते हुए, ऑनलाइन भर्ती आवेदन में दावा किए गए आयु, श्रेणी, योग्यता, अनुभव और वांछनीय योग्यता के संदर्भ, में उनके ऑनलाइन भर्ती आवेदनों के साथ, सभी अभ्यावेदनों की जांच की गई है। जांच के बाद, एक उम्मीदवार को अंततः साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। 01 उम्मीदवार का आवेदन पत्र विचाराधीन क्षेत्र में नहीं है।

(v) तदनुसार, आवेदनों की अंतिम संवीक्षा निम्नानुसार है:-

| | |
|---|---|
| शॉर्टलिस्ट करने के लिए अपनाए गए मानदंड | **अ.यो.- क + अ.यो.- ख + वा.यो.** |

विज्ञापन के प्रतिउत्तर में, 176 (अ.जा.-17, अ.ज.जा.-01, अ.पि.व.-54, अनारक्षित-99 और ईडब्ल्यूएस-05) आवेदन प्राप्त हुए हैं। चूंकि केवल एक पद को अनारक्षित के रूप में चिह्नित किया गया है, सभी आवेदनों को केवल अनारक्षित के रूप में माना गया है। ऊपर उल्लिखित मानदंडों को अपनाते हुए, 37 आवेदनों को संवीक्षा के लिए विचाराधीन क्षेत्र के तहत माना गया है। संवीक्षा, उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन प्रस्तुत किए गए विवरण और अपलोड किए गए दस्तावेजों के आधार पर की गई है। चूंकि वांछनीय योग्यताएं लागू की गई है, शेष आवेदनों को एलडीक्यू श्रेणी (वांछनीय योग्यता की कमी) के तहत अस्वीकार कर दिया गया है।

01 (अनारक्षित) पद के लिए संवीक्षा:

**मानदंड: अ.यो.- क + अ.यो. - ख + वा.यो.**

विचाराधीन क्षेत्र में आने वाले कुल आवेदनों की संख्या: 37

**साक्षात्कार हेतु बुलाए गए:**

अनुक्रमांक: 06, 30, 46, 48, 69, 89, 96, 97, 105, 132, 149, 152 (12 उम्मीदवार)

<u>अस्वीकृत:</u>

**एलईक्यू-क (अनिवार्य शैक्षिक योग्यता की कमी):-**

**अनुक्रमांक** : 45, 33, 102 (03 उम्मीदवार)

**एलईक्यू-ख (अनिवार्य अनुभव की कमी):-**

**अनुक्रमांक** : 37, 50, 57, 66, 77, 79, 84, 117, 150, 159 (10 उम्मीदवार)

**एलडीक्यू (वांछनीय योग्यता की कमी):**

**अनुक्रमांक** : 41, 122, 124, 166 (04 उम्मीदवार)

**<u>अपूर्ण:</u>** कोई भी अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं / संलग्न अनुभव प्रमाण-पत्र अपूर्ण / अनुभव प्रमाण-पत्र कार्य की प्रकृति नहीं दर्शाता है / अनुभव प्रमाण-पत्र स्पष्ट रूप से तारीख इंगित नहीं करता है / ओ आर ए में दावा की गई संपूर्ण अवधि के लिए अनुभव प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया / शैक्षिक योग्यता के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए।

**अनुक्रमांक** : 24, 32, 35, 51, 68, 70, 91, 98, (08 उम्मीदवार)

(आर.के.श्रीवास्तव)
उप सचिव
संघ लोक सेवा आयोग
दूरभाष नं.: 011-23381715

उपरोक्त विवरण के अग्रेजी और हिन्दी संस्करण के बीच अंतर के मामले में अग्रेजी संस्करण मान्य होगा।